मूल्य 1 रु.
वर्षः 15 - अंक : 59, मुंबई, गुरुवार, 19 जून, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## ‘भ्रष्ट नेताओं का डंपिंग ग्राउंड है भाजपा’
## राउत का मुख्यमंत्री को तंज भरा पत्र
### बोले- ‘महाराष्ट्र भूषण’ के लायक है खोतकर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** शिवसेना शिंदे गुट के विधायक और विधानसभा की अनुमान समिति के अध्यक्ष अर्जुन खोतकर के निजी सहायक किशोर पाटिल के वसूलीकांड को शिवसेना (उद्धव गुट) ने उजागर किया, जिससे राजनीतिक हलकों में भारी खलबली मच गई थी। यह मामला तब सामने आया जब धुले के सरकारी विश्रामगृह के कमरा नंबर 102 में 1 करोड़ 85 लाख रुपये की नकदी बरामद हुई। इस रकम की जांच में हो रही देरी को लेकर शिवसेना यूबीटी नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक तीखा पत्र लिखते हुए पूछा कि आप अक्सर कहते हैं कि भ्रष्टाचारी जेल में जाएंगे और कोई भी भ्रष्ट व्यक्ति नहीं बचेगा। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में आपने भाजपा को भ्रष्ट नेताओं का डंपिंग ग्राउंड बना दिया है। आपने भ्रष्टाचार में डूबे कई लोगों को अपनी पार्टी में शामिल किया और उनका समर्थन भी किया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



## गुजरात की इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर कीर्ति पटेल गिरफ्तार



### हनीट्रैप का लगा आरोप

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** गुजरात की चर्चित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कीर्ति पटेल को सूरत पुलिस ने अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। उन पर एक बिल्डर को हनीट्रैप कर दो करोड़ रुपये वसूलने का गंभीर आरोप है। इंस्टाग्राम पर 1.3 मिलियन फॉलोअर्स वाली कीर्ति पटेल के खिलाफ पहले ही वारंट जारी किया जा चुका था। यह मामला पिछले साल 2 जून को सूरत में दर्ज हुआ था। एफआईआर में कीर्ति पटेल सहित 5 लोगों के नाम दर्ज थे। पुलिस ने पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि कीर्ति लंबे समय से फरार चल रही थीं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## पुणे में कार ने पिकअप वैन को मारी टक्कर



### 8 लोगों की हुई मौत, 5 घायल

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** पुणे से एक बड़ी दुर्घटना की खबर सामने आ रही है। श्रीराम ढाबा के पास जेजुरी-मोरगांव रोड पर एक बड़ा हादसा हो गया। पुणे जिले के जेजुरी के समीप कार और पिकअप वाहन की टक्कर हो गई। इस भयावह हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, पुणे से मोरगांव जा रही स्विफ्ट डिजायर कार ने सामान उतार रहे एक पिकअप टेम्पो को टक्कर मार दी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## अंतराष्ट्रीय उड़ानों में 15% की कटौती करेगी एअर इंडिया
### अहमदाबाद हादसे के बाद कंपनी का बड़ा फैसला

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** एअर इंडिया मध्य जुलाई तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े विमानों के उड़ानों में 15 प्रतिशत की कटौती करेगी। एक बयान में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने कहा कि अतिरिक्त एहतियात के तौर पर बड़े बोइंग 777 विमानों की सुरक्षा जांच बढ़ाएगी। एअर इंडिया ने हाल ही में ऑपरेशनल संबंधी परेशानी का सामना किया है। पिछले छह दिनों में एअर इंडिया की कम से कम 83 इंटरनेशनल फ्लाइट रद हुई हैं। एयरलाइन कंपनी द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि इंजीनियरिंग स्टाफ और पायलट आवश्यक सावधानी बरत रहे हैं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)




### मुंबई-लखनऊ एअर इंडिया की फ्लाइट अचानक निरस्त

मुंबई से लखनऊ के लिए उड़ाने भरने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट को बुधवार को अचानक रद्द कर दी गई। दिल्ली में भारी बारिश से बाद हुए डायवर्जन से इस फ्लाइट को रद्द करना पड़ा। वहीं, कोलकाता-लखनऊ इंडिगो का विमान 6ई- 856 आधा घंटे, लखनऊ-दिल्ली एअर इंडिया का विमान एआइ-2478 करीब 1:15 घंटे, एआइ-2461 लखनऊ से 1:30 घंटे, एआइ- 811 एक घंटे की देरी से उड़ान भरा।

## हमारी बात

### जी-7 में अनबन

**जाहिर हुआ कि विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर जी-7 में आम सहमति का अभाव है। इसकी एक मिसाल यह भी है कि समूह के नेता अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप शिखर सम्मेलन को बीच में छोड़ कर अपने देश लौट गए।**

ग्रुप-7 के कनानास्किस शिखर सम्मेलन में कोई संयुक्त विज्ञप्ति जारी नहीं हुई, जो जाहिर है, इसकी वजह सबसे धनी देशों के इस समूह में विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर आम सहमति का अभाव है। वहां हुई अनबन की एक मिसाल यह भी है कि समूह के नेता अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप शिखर सम्मेलन को बीच में छोड़ कर अपने देश लौट गए। जब उनकी वापसी के साथ चर्चा गर्म हुई कि ईरान-इजराइल युद्ध में आपात स्थिति के मद्देनजर ट्रंप वॉशिंगटन लौटे हैं। कई घंटों तक यह भी चर्चा में रहा कि वॉशिंगटन पहुंचते ही ट्रंप इस युद्ध में अमेरिका को शामिल करने के आदेश पर दस्तखत करेंगे। मगर शाम तक खुद ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया कि अभी वे ईरान को बातचीत का एक और मौका देने के मूड में हैं। मंगलवार को उन्होंने अपने देश को प्रत्यक्ष रूप से युद्ध में शामिल करने का कोई निर्णय लिया भी नहीं। तो साफ है, मसला यह नहीं था। गौरतलब है: जी-7 नेताओं ने सहमति के मुद्दों को लेकर एक बयान जारी किया। इसके अलावा एक वक्तव्य ईरान- इजराइल की लड़ाई के बारे में जारी किया गया। मगर यूक्रेन, जी-7 देशों के अंदरूनी आर्थिक संकट, ट्रंप प्रशासन की ओर से छेड़े गए व्यापार युद्ध, जलवायु परिवर्तन आदि मसलों पर आपसी मतभेद के साफ संकेत भी वहां मिले। सहमति का एक और बिंदु चीन को घेरना है। मगर ट्रंप के टैरिफ वॉर ने स्थिति यहां भी उलझा दी है। यूरोपीय देश, और यहां तक कि जापान भी, इन परिस्थितियों में चीन से खुला टकराव बढ़ाना नहीं चाहते। अमेरिकी बाजार में आई रुकावटों की भरपाई वे चीनी बाजार में पहुंच बना कर करना चाहते हैं। इसलिए भाषणों में तो चीन की चिंता छाई रही, मगर पर ठोस और दो-टूक बयान जारी नहीं हुआ। उलटे ट्रंप ने जी-8 से 2014 में रूस को निकालने (जिसके बाद ये समूह जी-7 हो गया) की कड़ी आलोचना कर दी। उन्होंने यह भी कह दिया कि अगर चीन इस समूह में शामिल हो, तो उन्हें कोई एतराज नहीं होगा। तो जाहिर है, कनानास्किस सम्मेलन जी-7 की पहचान को ही भ्रामक बना गया है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून पर विशेष...

# मन की शांति और स्वस्थ शरीर के लिए योग करें, योग का महत्व व उद्देश्य

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**योग का मतलब है जोड़ना,**
**मोह को मन से तोड़ना,**
**मानव को प्रकृति से जोड़ना,**

चित्त की वृत्तियों को सिकोड़ना।इसमें न कोई खर्चा, न कोई और दिखावा है,स्वस्थ रहें हम कैसे, बस इसका ही बढ़ावा है। योग का जन्मदाता देश भारत है। योग की परंपरा भारतीय समाज में हजारों सालों से है, और इसे भारत में ही विकसित किया गया है। योग दिवस मनाने का प्रस्ताव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली में 27 सितंबर, 2014 में रखा था. प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक तौर पर शांति व स्वास्थ्य के लिए योगा के महत्व पर बात की थी।

इसकी सार्वभौमिक अपील को स्वीकार करते हुए, 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र ने संकल्प 69/131 द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य योग अभ्यास के अनेक लाभों के बारे में विश्व भर में जागरूकता बढ़ाना है।

हर साल 21 जून को ही योग दिवस मनाने का कारण और उसका उद्देश्य यह है कि 21 जून को साल का सबसे लंबा दिन होता है, जिसे ग्रीष्म संक्रांति कहते हैं. योग के दृष्टिकोण से यह दिन आध्यात्मिक रूप से बहुत शक्तिशाली माना जाता है. इसीलिए इस दिन पूरे विश्व में योग करने का संदेश फैलाने का निर्णय लिया गया है। स्वस्थ विश्व जनसंख्या के लिए भारत के दृष्टिकोण को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, योग दिवस 2025 की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' रखी गई है। यानी हम योग के माध्यम से पूरी दुनिया को स्वस्थ बनाना चाहते हैं। योग एक प्राचीन भारतीय शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है जो मन, शरीर और आत्मा को जोड़ने में मदद करता हैं। योग शारीरिक व्यायाम, शारीरिक मुद्रा (आसन), ध्यान, सांस लेने की तकनीकों और व्यायाम को जोड़ता है। इस शब्द का अर्थ ही 'योग' या भौतिक का स्वयं के भीतर आध्यात्मिक के साथ मिलन है। योग शारीरिक स्तर पर शक्ति, सहनशक्ति, धीरज और उच्च ऊर्जा के विकास में मदद करता है। जिससे आंतरिक और बाहरी सामंजस्य स्थापित होता है। योग की मदद से आप दैनिक तनाव और उसके परिणामों को प्रबंधित कर सकते हैं। योग को आमतौर पर चार प्रमुख प्रकारों में विभाजित किया जाता है: कर्म योग, भक्ति योग, ज्ञान योग और राज योग. कर्म योग में सेवा और कार्य पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जबकि भक्ति योग में भगवान के प्रति समर्पण पर जोर दिया जाता है. ज्ञान योग में, व्यक्ति ज्ञान और



समझ प्राप्त करने के लिए अपने ज्ञान और बुद्धि का उपयोग करता है. राज योग में, योग के आठ अंगों का अभ्यास किया जाता है, जैसे यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए हैं। इसके अलावा, योग के कुछ अन्य प्रकार भी हैं, जैसे हठ योग, जिसमें शारीरिक आसन और प्राणायाम पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, और लय योग, जो ध्यान और मानसिक संतुलन पर जोर देता है। कुल मिलाकर, योग को कई प्रकार के रूप में देखा जा सकता है, मुख्यत योग सात प्रकार के होते. हैं. पहला हट योग दूसरा राजयोग तीसरा कर्म योग चौथा भक्ति योग पांचवा ज्ञान योग छठा तंत्र योग और सातवा लय योग पहला हट योग टकर्म आसन मुद्रा प्राणायाम प्रत्याहार ध्यान और समाधि। योग के मुख्य चार प्रकार होत हैं। राज योग, कर्म योग, भक्ति योग और ज्ञान योग। योग के कुल आठ अंग हैं, जिन्हें अष्टांग योग कहा जाता है। ये हैं: यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, और समाधि। ये आठ अंग योग के एक विस्तृत मार्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण तक पहुंचने में मदद करते हैं।

योग के विभिन्न प्रकार के लाभ हैं, जिनमें शामिल हैं।

**शारीरिक स्वास्थ्य -**
योग शारीरिक लचीलेपन, ताकत और संतुलन को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों को मजबूत करता है, जोड़ों के लचीलेपन में सुधार करता है, और शरीर के समग्र संरेखण को बढ़ाता है.

**मानसिक स्वास्थ्य -**
योग तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में मदद करता है, आध्यात्मिक विकास योग व्यक्ति को अपने आत्मा से जुड़ने, आत्मा की खोज में और उच्चतम आदर्शों की प्राप्ति में मदद करता है.

**रोग प्रतिरोधक क्षमता -**
नियमित योग करने से प्रतिरोधक प्रणाली बेहतर होती है और शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है।

**पारिवारिक महत्व -** परिवार समाज की एक इकाई होती है इस व्यक्ति के विकास की नींव एक परिवार ही होती है। परिवार निर्माण एक ऐसी विशिष्ट साधना है जिसमें विश्वास श्रद्धा त्याग सयंम तपस्या आदि प्रतिमा का परिचय देना पड़ता है।लोभ मोह अहंकार का त्याग कर संतोषी विन्रम व विवेकशील होकर अपने कर्तव्य कर्मों को निभाते हुए योग पथ पर चलता है। आदर्श सदगृहस्थ वही है। भारतीय शास्त्रों में गृहस्थ जीवन को ग्रहस्थयोग की संज्ञा देखकर जीवन में इसका विशेष महत्व बताया गया है। इस प्रकार परिवार को कुसंस्कारों से मुक्ति तथा सुसंस्कारी तथा श्रेष्ठ जीवन योग द्वारा ही बनाया जा सकता है।

**सामाजिक महत्व -** किसी भी समाज के उत्थान स्वस्थ वह सुसस्कारिक परिवार की अहम भूमिका होती है। इस आदर्श समाज की स्थापना में योग की भूमिका महत्व है।योग मनुष्य को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ बनाता है और एक स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है।

**आर्थिक महत्व -** मानव जीवन में आर्थिक स्तर और योग विद्या का सीधा संबंध कहा जा सकता है। अपने आर्थिक स्तर को वही मनुष्य उच्च स्तर का बना सकता है जो निरोगी होगा।इस तरह योग से आर्थिक विकास संभव है।

**नैतिक महत्व -** योग व्यक्ति को नैतिक मूल्य सद्गुणों को विकसित करने में अष्टांग योग के अंतर्गत यम(सत्य अहिंसा अस्तेय, अपरिग्रह ब्रह्मचर्य) और नियम ( शौच संतोष तप स्वाध्याय ईश्वर प्रणिधान) हमारे व्यवहार की शुद्ध करते हैं।

**चारित्रिक महत्व -** योग विद्या एक आदर्श उच्च चरित्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है। मातृ भक्ति योग के अभ्यास से ही व्यक्तित्व का रूपांतरण किया जा सकता है। जिसका समावेश क्रिया योग के अंतर्गत ईश्वर प्रणिधान में है।

**अन्य लाभ -** योग बेहतर नींद पैटर्न को बढ़ावा देता है, हृदय स्वास्थ्य में सुधार करता है, और रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। प्रिय विद्यार्थियों आप समझ ही गए होंगे कि योग वास्तव में जीवन जीने की ऐसी कला है जो की वैज्ञानिक है जिसका हमारे जीवन के शारीरिक मानसिक सामाजिक आध्यात्मिक पारिवारिक नैतिक व चारित्रिक प्रत्येक पक्ष पर अत्यधिक प्रभाव पड़ता है।

**लेखिका -**
**डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर**
**प्रधानाचार्य**
**शिक्षा विभाग**
**राजस्थान सरकार**

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।




बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता रजा मुराद के हाथों मुंबई रफ्तार न्यूज के चीफ एडिटर शैलेश पटेल कर्मदीप सम्मान 2025 से सम्मानित हुए। इस अवॉर्ड शो का आयोजन मुंबई में संतोष मिश्रा ने किया जहां समाजसेवी रामकुमार पाल सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही।

# वांछित फाउंडेशन की संस्थापिका सुनीता मेहरोत्रा ने बताए योग के फायदे

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** वांछित फाउंडेशन की संस्थापिका और योग आचार्य डॉ. सुनीता मेहरोत्रा के अनुसार, योग एक ऐसी प्रक्रिया है जो शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने और संतुलन स्थापित करने में मदद करती है। यह न केवल शारीरिक व्यायाम है, बल्कि आत्मा को अनंत ब्रह्म से जोड़ने की एक गहरी प्रक्रिया भी है। डॉ. सुनीता मेहरोत्रा के शब्दों में, योग में शारीरिक आसनों के साथ-साथ मानसिक और आध्यात्मिक विकास भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह एक ऐसा साधन है जो शरीर, मन और आत्मा में सामंजस्य स्थापित करने में मदद करता है,



जिससे जीवन में शांति और संतुष्टि मिलती है। योग का नियमित अभ्यास करने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि यह मानसिक और आध्यात्मिक विकास में भी मदद करता है। डॉ. सुनीता मेहरोत्रा के अनुसार, योग जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है, जो हमें अपने जीवन को अधिक सार्थक और सुखी बनाने में मदद करता है। इस प्रकार, योग एक ऐसी प्रक्रिया है जो हमें अपने जीवन को पूर्णता की ओर ले जाने में मदद करती है, और डॉ. सुनीता मेहरोत्रा के मार्गदर्शन में, हम योग के माध्यम से अपने जीवन को अधिक समृद्ध और संतुष्ट बना सकते हैं।




### मनोरंजन और व्यापार की नई साझेदारी

## दिव्या खोसला और इनवेस्टो साइकिल्स के सीईओ नरेश सिसोदिया ने मिलाया हाथ

**मुंबई।** प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और टी-सीरीज की प्रोड्यूसर दिव्या खोसला ने इनवेस्टो साइकिल्स प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक व सीईओ नरेश सिसोदिया के साथ एक नई साझेदारी की घोषणा की है। यह गठजोड़ मनोरंजन जगत और व्यापारिक दुनिया के संगम को दर्शाता है, जो आने वाले समय में कई नए और नवाचारी प्रोजेक्ट्स की नींव रख सकता है। यह सहयोग न सिर्फ दोनों क्षेत्रों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा, बल्कि युवाओं और उद्यमियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

# बैंक के गेट पर किसान ने की आत्महत्या

**छत्रपति संभाजीनगर।** बीड जिले में एफडी की जमा राशि लौटाने से इनकार किए जाने से परेशान 46 वर्षीय किसान ने बुधवार को सहकारी समिति के कार्यालय के सामने रस्सी से गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि किसान का शव तड़के सोसायटी के शाखा कार्यालय के बाहर लोहे के एंगल से लटका हुआ मिला। गेवराई पुलिस ने 'छत्रपति मल्टीस्टेट को-ऑपरेटिव सोसायटी' के पूर्व अध्यक्ष संतोष भंडारी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। इस मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। मृतक किसान की पहचान सुरेश जाधव के रूप में हुई है। सुरेश जाधव ने 2020 में सहकारी समिति में सावधि जमा में 11.50 लाख रुपये का निवेश किया था। उनके परिवार के अनुसार, जाधव अपने 2 बच्चों की पढ़ाई के लिए पिछले दो सालों से अपने पैसे वापस करने की गुहार लगा रहे थे, लेकिन समिति पूरी राशि वापस करने में विफल रही। सुरेश जाधव की पत्नी ने प्राथमिकी दर्ज कराई। इसमें ये कहा गया है कि 6 महीने पहले वह जहर की बोतल लेकर सोसायटी के शाखा कार्यालय गए थे और पैसे न लौटाने पर आत्महत्या करने की धमकी भी दी थी। इसके बाद तत्कालीन चेयरमैन ने 2.5 लाख रुपये लौटा दिए और आश्वासन दिया कि बाकी रकम दो महीने में दे दी जाएगी, लेकिन इसके बाद कोई और भुगतान नहीं किया गया। मंगलवार को जाधव अपनी पत्नी और 2 बच्चों के साथ सोसायटी की गेवराई शाखा में गए थे। तो शाखा प्रबंधक ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और पैसे लौटाए बिना परिवार को कार्यालय से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या मामले की जांच जारी है। ऐसी ही एक घटना नवी मुंबई से भी सामने आई है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### 'भ्रष्ट नेताओं का डंपिंग ग्राउंड है भाजपा'

संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र की छवि को धक्का पहुंचाने वाला एक बड़ा मामला धुले जिले के सरकारी विश्रामगृह में सामने आया है। पूर्व विधायक गोटे द्वारा उजागर किए गए इस मामले में 21 मई की मध्यरात्रि को कमरे नंबर 102 से 1.85 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए। बताया गया कि पहले ही 3 करोड़ रुपये वहां से निकाल लिए गए थे और 10 करोड़ रुपये जालना में पहुंचा दिए गए। यह रकम अनुमान समिति के अध्यक्ष के निजी सहायक के कमरे से मिली थी और स्थानीय ठेकेदारों से नजराना के रूप में 15 करोड़ रुपये की वसूली की गई थी। इस मामले को शुरू से ही दबाने और दोषियों को बचाने की कोशिश की गई। जब जनता का आक्रोश बढ़ा, तो जांच के लिए एसआईटी गठित करने की औपचारिक घोषणा की गई। लेकिन अब तक यह पता नहीं चला कि उस एसआईटी का प्रमुख कौन है, सदस्य कौन हैं, या उन्होंने क्या काम किया। संजय राउत ने इसे सिर्फ दिखावा बताया और कहा कि अब तो यह सामने आया है कि एसआईटी को किनारे कर सिर्फ एक मामूली, अदखलपात्र मामला दर्ज किया गया और पूरी घटना को दबाने की कोशिश की गई। यह बेहद शर्मनाक है और यह दर्शाता है कि सरकार भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर कितनी गंभीर है। उन्होंने कहा कि यह भ्रष्ट लोगों को खुला संरक्षण देने का एक उदाहरण है। राउत ने कहा कि अगर राज्य में ऐसी ही स्थिति रहने वाली है, तो बेहतर होगा कि भ्रष्टाचार निरोधक विभाग को ही खत्म कर दिया जाए और अर्जुन खोतकर को महाराष्ट्र भूषण, तथा उनके पीए किशोर पाटिल को पद्मश्री देकर सम्मानित किया जाए।

### गुजरात की इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर कीर्ति पटेल गिरफ्तार

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कीर्ति पटेल शहर बदलती रहीं, बार-बार अपना सिम कार्ड और मोबाइल नंबर बदलती रहीं, जिससे पुलिस को उन्हें पकड़ने में दिक्कत हो रही थी। पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार ने बताया कि यह गिरफ्तारी एक जटिल साइबर ट्रैकिंग प्रक्रिया के बाद संभव हो सकी। अधिकारी ने कहा कि हमने अहमदाबाद के सरखेज इलाके में उसकी लोकेशन ट्रैक की। इंस्टाग्राम से सहयोग मिला और हमने उसके आईपी एड्रेस से उसके मूवमेंट को ट्रेस किया। इसके बाद अहमदाबाद पुलिस की मदद से हमने उसे गिरफ्तार किया। एफआईआर के अनुसार, कीर्ति ने सूरत के एक बिल्डर को हनीट्रैप में फंसाया और फिर उससे करोड़ों रुपये की मांग की। आरोपी ने कथित तौर पर कुछ आपत्तिजनक वीडियो और चैट्स के आधार पर ब्लैकमेल कर रकम वसूलने की कोशिश की। इसके अलावा, कीर्ति पटेल का नाम कुछ जमीन हड़पने और अन्य जबरन वसूली के मामलों में भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तारी के समय कीर्ति सरखेज क्षेत्र में छिपी हुई थी और सोशल मीडिया पर एक्टिव थी, लेकिन अलग-अलग अकाउंट्स और फेक आईडी का इस्तेमाल कर रही थी। अब पुलिस इस पूरे मामले में आगे की जांच कर रही है और इस बात की भी जांच की जा रही है कि क्या इस रैकेट में और लोग भी शामिल हैं।

### पुणे में कार ने पिकअप वैन को मारी टक्कर

पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है। श्रीराम ढाबा के पास जेजुरी-मोरगांव रोड पर एक बड़ा हादसा हो गया। पुणे ग्रामीण एसपी संदीप सिंह गिल ने जानकारी दी कि पुणे जिले के जेजुरी मोरगांव रोड पर हुए सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। यह हादसा एक सेडान और पिकअप ट्रक के बीच हुआ। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

### अंतराष्ट्रीय उड़ानों में 15% की कटौती करेगी एअर इंडिया

इस बीच एअर इंडिया ने मेंटेनेंस और तकनीकी कारणों से बुधवार को अपनी तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद कर दिया। इनमें से दो उड़ानें यात्रियों के विमान में चढ़ने के बाद रद की गईं। एयरलाइन ने कहा है कि उसे 18 जून की अपनी टोरंटो-दिल्ली उड़ान एआइ188 को रख-रखाव और परिचालन के लिए निर्धारित मानदंडों के तहत रद करना पड़ा। उड़ान रद होने के बाद विमान में पहले से सवार यात्रियों को उतार दिया गया। इसके अलावा दुबई से दिल्ली की उड़ान एआइ 996 को तकनीकी कारणों से रद कर दिया गया। यात्रियों को विमान में चढ़ने के बाद उतार दिया गया। वहीं, बाली हवाई अड्डे के पास ज्वालामुखी विस्फोट की सूचना के बाद सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली से जाने वाली उड़ान एआइ 2145 को भी रद कर दिया गया। इसे बीच रास्ते से ही दिल्ली लौटने की सलाह दी गई थी। विमान सुरक्षित दिल्ली वापस आ गया। यहां सभी यात्रियों को उतार लिया गया। एअर इंडिया ने कहा है कि यात्रियों को जल्द से जल्द उनके गंतव्य तक पहुंचाने की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। यात्रियों को पूर्ण धन वापसी की पेशकश भी की गई है। गौरतलब है कि अहमदाबाद विमान हादसे के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एअर इंडिया के बोइंग 787 बेड़े की निगरानी बढ़ाने का आदेश दिया था।

## खबर संक्षेप

### सांसद बर्क समेत 23 के खिलाफ चार्जशीट पेश



**आगरा।** जामा मस्जिद सर्वे के दौरान बवाल में आरोपी सांसद जियाउर्रहमान बर्क समेत 23 के खिलाफ एसआईटी ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। सांसद व विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को नामजद आरोपी बनाया गया था। जफर अली एडवोकेट की भी गिरफ्तारी कर ली थी।

### घूमने निकले 3 बुजुर्गों सहित 4 की मौत




**आगरा।** यहां के थाना ट्रांस क्षेत्र के शाहदरा फ्लाई ओवर पर दर्दनाक हादसा हुआ। बुधवार सुबह लखनऊ मंडी से मैक्स में आम भरकर ला रही गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। मैक्स अनियंत्रित हो गई। मैक्स डिवाइडर में टकराकर पलट गई। हाईवे किनारे सुबह टहलने के लिए निकले 3 लोग दब गए। चालक गंभीर घायल हो गया।

### राजस्थान कांग्रेस के 2 विधायकों को सजा



**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में 11साल पहले सड़क जाम करने और भीड़ इकट्ठा करने के मामले में कांग्रेस के दो विधायक को दोषी करार दिए गए हैं। एसीजेएम कोर्ट ने शाहपुरा से विधायक मनीष यादव और लाडनूं के विधायक मुकेश भाकर को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने दोनों को 1-1 साल की सजा सुनाई है।

### कोरोना से 24 घंटे में 4 मौतें, एक्टिव केस बढ़े



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के नए वैरिएंट से मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बीते 24 घंटे में 4 मौतें हुई हैं। महाराष्ट्र में 2 और दिल्ली, केरल में 1-1 मरीज ने जान गंवाई। अब तक 113 की मौत हुई है। मृतकों में सबसे ज्यादा केरल में 36,महाराष्ट्र में 31 है। दिल्ली में भी 13 मौतें हुई हैं। 6,483 एक्टिव केस हैं।

---

### सरकार के आदेश पर विवाद के बाद बोले मुख्यमंत्री फडणवीस

# तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी सीखने की कोई ‘अनिवार्यता’ नहीं, हिंदी को बताया वैकल्पिक

मुंबई हलचल / मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राज्य के छात्रों के लिए हिंदी सीखने की ‘अनिवार्यता’ नए आदेश में हटा दी गई है और अब किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। फडणवीस ने देहू में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अंग्रेजी को व्यापक रूप से बढ़ावा दिया जाता है, लेकिन भारतीय भाषाओं की अकसर उपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि भाषाओं को लेकर विवाद अनावश्यक है। राज्य सरकार ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर कहा था कि मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पहली से 5 वीं कक्षा तक के छात्रों को हिंदी ‘सामान्य रूप से’ तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाई जाएगी। संशोधित सरकारी प्रस्ताव (जीआर) में कहा गया है कि हिंदी अनिवार्य होने के बजाय ‘सामान्य रूप से’तीसरी भाषा होगी, तथा यदि किसी स्कूल में प्रति कक्षा 20 विद्यार्थी हिंदी के अलावा किसी अन्य भारतीय भाषा का अध्ययन करने की इच्छा व्यक्त करते हैं तो उन्हें इससे बाहर रहने का विकल्प दिया गया है।

*कांग्रेस ने सरकार पर मराठी लोगों की छाती में ‘छुरा घोंपने’ का आरोप लगाया*

### किसी भी तीसरी भारतीय भाषा का विकल्प दिया



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पहले हिंदी को अनिवार्य कर दिया था, लेकिन अब सरकारी आदेश में उस अनिवार्यता को हटा दिया गया है। नए सरकारी आदेश के अनुसार छात्र किसी भी तीसरी भारतीय भाषा का विकल्प चुन सकते हैं। नईशिक्षा नीति (एनईपी) में त्रि-भाषा फॉर्मूला प्रस्तावित किया गया है। फडणवीस ने कहा कि नीति के अनुसार मातृभाषा अनिवार्य है और इसके अलावा छात्र दो अन्य भाषाएं सीखेंगे, जिनमें से एक भारतीय भाषा होनी चाहिए। फडणवीस ने कहा कि स्वाभाविक रूप से, कई लोग तीन भाषाओं में से एक के रूप में अंग्रेजी को चुनते हैं।

### अब हमने नियम को हटा दिया

उन्होंने कहा कि पहले हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में प्रस्तावित किया गया था क्योंकि इसके शिक्षक अच्छी संख्या में उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने अब उस नियम को हटा दिया है। किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। यदि कम से कम 20 छात्र हैं, तो एक शिक्षक उपलब्ध कराया जाएगा। यदि आवश्यक हो, तो ऑनलाइन शिक्षा की सुविधा भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जहां हर कोई अंग्रेजी को बढ़ावा देता है, वहीं भारतीय भाषाओं की अकसर उपेक्षा की जाती है, जो उचित नहीं है। फडणवीस ने कहा कि भारतीय भाषाएं अंग्रेजी से बेहतर हैं। मैं समझता हूं कि अंग्रेजी संचार की भाषा है, लेकिन एनईपी की वजह से मराठी ज्ञान की भाषा बन गई है।

### किसी तीसरी भाषा सीखने में नुकसान कैसा?

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह (ठाकरे) इस बात पर जोर दे रहे हैं कि केवल दो भाषाएं पढ़ाई जानी चाहिए और तीसरी भाषा नहीं थोपी जानी चाहिए। मैंने उन्हें समझाने की कोशिश की कि केंद्र ने काफी विचार-विमर्श के बाद एनईपी में त्रि-भाषा फॉर्मूला पेश किया है। उन्होंने कहा, कि यदि पूरा देश त्रि-भाषा फॉर्मूले का पालन कर रहा है, तो महाराष्ट्र दो-भाषा प्रणाली नहीं अपना सकता। फडणवीस ने कहा कि तमिलनाडु सरकार ने त्रि-भाषा फॉर्मूले को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन अदालत ने उसकी याचिका स्वीकार नहीं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि किसी तीसरी भारतीय भाषा को सीखने में क्या नुकसान है? उन्होंने कहा कि एनईपी को देशभर के विशेषज्ञों द्वारा गहन विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। एनईपी पर काम करते समय बच्चों की संज्ञानात्मक शक्ति, उनकी मानसिक क्षमताओं का विकास कैसे किया जाए, इन सभी को ध्यान में रखा गया है।

### छोटे बच्चों को 3 भाषाएं सीखने के लिए मजबूर न करें: राज



राज ठाकरे ने कहा कि हमें पहली और दूसरी कक्षा के छोटे बच्चों को तीन भाषाएं सीखने के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए। हमारे पास तीन भाषाएं, उनके विकल्प नहीं होने चाहिए। जब छठी कक्षा से अब तक तीसरी भाषा पढ़ाई जाती है तो पहली कक्षा से इसे मजबूर करने की क्या जरूरत है? राज ने कहा कि महाराष्ट्र में मूल रूप से शिक्षकों की कमी है। आप शिक्षकों पर अधिक भाषाएं पढ़ाने का बोझ क्यों डाल रहे हैं? क्या राज्य सरकार यह नीति इसलिए ला रही है ताकि आईएएस अधिकारियों के लिए हिंदी बोलना आसान हो जाए और उन्हें मराठी बोलना और सीखना न पड़े? अगर यह सरकार मराठी है तो यह अनिवार्यता वापस ले ली जाएगी। उन्होंने राज्य के स्कूलों से अपील की कि वे सरकार के ‘जानबूझकर भाषायी विभाजन पैदा करने के गोपनीय एजेंडे’ को विफल करें।

### पिछले दरवाजे से की जा रही है नीति लागू

कुछ मराठी समर्थक संगठनों ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह शुरू में पीछे हटने के बाद ‘पिछले दरवाजे’ से नीति को पुनः लागू कर रही है। विपक्षी कांग्रेस ने सरकार पर मराठी लोगों की छाती में ‘छुरा घोंपने’ का आरोप लगाया। फडणवीस ने कहा कि जीआर में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि मराठी अनिवार्य है, जबकि हिंदी वैकल्पिक है।

---

### कानून-व्यवस्था की स्थिति और आबकारी नीलामी की प्रगति की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की

# मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



अपराध के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर विशेष जोर रहे

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पुलिस बल को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि धरातल पर पुलिस की उपस्थिति ऐसी होनी चाहिए जिससे जनता सुरक्षित महसूस करे और गलत काम करने वालों व असामाजिक तत्वों के बीच कानून का डर पैदा हो, जिससे नागरिकों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित हो सके। सैनी ने बुधवार को राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति और आबकारी नीलामी की प्रगति की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये बात कही।

बैठक के दौरान अपराधियों के खिलाफ 'हाई ऑक्टेन अभियान' चलाने और हरियाणा में पुलिस की प्रभावी व उत्तरदायी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कुरुक्षेत्र में एक आबकारी लाइसेंसधारी की हत्या की रिपोर्ट पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि जिन नागरिकों को धमकी या फिरौती संबंधी कॉल मिल रही हैं, उन्हें त्वरित सुरक्षा प्रदान की जाए। इस उद्देश्य के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर जारी कर उसे इमरजेंसी सेवा ‘112’ से लिंक करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने आबकारी एवं कराधान विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आबकारी नीलामी की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने और राज्य को मिलने वाले राजस्व को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आबकारी नीलामी में, अब तक विभाग 934 आबकारी जोन की नीलामी के साथ अधिकांश आबकारी जोन की नीलामी करने में सक्षम रहा है और पिछले वर्ष के 5037 करोड़ रुपए की तुलना में इस बार 11,054 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया है।

नीलामी के दौरान अब तक अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि गंभीर मामलों की नियमित और सख्त निगरानी उच्चतम स्तर पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्टेट टास्क फोर्स (एसटीएफ) को और अधिक मैनपावर और संसाधन प्रदान करने के निर्देश दिए ताकि लंबित मामलों का शीघ्र समाधान हो सके और कोई भी गैंगस्टर या अपराधी कानून से बच न सके।

बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, आबकारी एवं कराधान विभाग की आयुक्त एवं सचिव आशिमा बराड़ और पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

---

### संबंधों में स्थिरता बहाल करने के लिए दोनों देश संतुलित, रचनात्मक कदम उठाने पर हुए राजी

भारत और कनाडा की राजधानियों में जल्द होगी उच्चायुक्तों की नियुक्ति

# जी-7 से इतर हुई भारत और कनाडा के प्रधानमंत्रियों के बीच द्विपक्षीय बैठक

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से भारत और कनाडा के संबंधों में जमी हुई बर्फ भविष्य में पिघलती हुई नजर आएगी। इसका सबसे बड़ा कारण जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर बुधवार को कनानसकीस में भारत और कनाडा के राष्ट्राध्यक्षों के बीच हुई एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक है। जिसमें दोनों नेताओं ने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के सम्मान और संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता के आधार पर दोनों देशों के संबंधों के महत्व पर बल दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मार्क कार्नी संबंधों में स्थिरता बहाल करने के लिए संतुलित और रचनात्मक कदम उठाने पर सहमत हुए। जिसकी शुरुआत एक-दूसरे के देशों की राजधानियों में उच्चायुक्तों की शीघ्र वापसी से होगी।

**दोनों देशों के संबंधों के महत्व पर बल दिया**

यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में दी। कनाडा में इस साल की शुरुआत में हुए आम चुनावों में मिली जीत के बाद मार्क कार्नी के बतौर प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के बाद यह पहला ऐसा मौका था। जब भारत और कनाडा के प्रधानमंत्रियों के बीच बातचीत हुई। बैठक ने दोनों पक्षों को भारत-कनाडा संबंधों की वर्तमान स्थिति, भविष्य के बारे में खुले और स्पष्ट विचारों के साथ चर्चा करने का अवसर प्रदान किया।



### चिंताओं के लिए आपसी सम्मान जरूरी

मंत्रालय ने बताया कि दोनों शीर्ष नेताओं ने बैठक में चिंताओं और संवेदनशीलताओं के लिए आपसी सम्मान, लोगों के बीच मजबूत संबंधों और बढ़ती आर्थिक पूरकताओं पर आधारित रचनात्मक और संतुलित साझेदारी को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। विश्वास बहाली और संबंधों में गति लाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में वरिष्ठ मंत्रिस्तरीय, कार्यस्तरीय संबंधों को पुनः शुरू करने के महत्व पर भी बल दिया गया।

### संपर्क में रहेंगे और जल्द मिलेंगे मोदी-कार्नी

प्रधानमंत्री मोदी और मार्क कार्नी ने भारत और कनाडा के लोगों के बीच मजबूत संबंधों का उल्लेख करते हुए परस्पर लाभ के लिए इस जीवंत सेतु का फायदा उठाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों ने एक-दूसरे के संपर्क में रहने पर भी सहमति प्रदान की और जल्द से जल्द फिर से मिलने की उम्मीद जताई। दोनों नेताओं ने यह भी स्वीकार किया कि जी-7 शिखर सम्मेलन में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। भारत, कनाडा जलवायु कार्रवाई, समावेशी-सतत विकास जैसी वैश्विक प्राथमिकताओं पर रचनात्मक रूप से मिलकर काम करने के इच्छुक हैं।

### इन विषयों पर भी हुई चर्चा

दोनों के बीच स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, एलएनजी, खाद्य सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, उच्च शिक्षा, गतिशीलता और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला जैसे तमाम क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया गया। एक स्वतंत्र और खुले हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने में दोनों नेताओं ने अपनी साझा रुचि जाहिर की। व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से प्रारंभिक प्रगति व्यापार समझौते (ईपीटीए) पर रुकी हुई बातचीत को फिर से शुरू करने पर चर्चा की। इस संबंध में आगे बढ़ने के लिए अपने-अपने अधिकारियों को कार्य सौंपने पर पीएम मोदी और पीएम कार्नी ने अपनी सहमति व्यक्त की।

---

# 45 लाख के फर्जी बिल पर साठगांठ कर 10 ने की लूट, सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सीबीआई ने 45 लाख रुपए के फर्जी बिलों के मामले में ओएनजीसी, जोरहाट के पूर्व डीजीएम (एमएस) और संविदाधीन चिकित्सा अधिकारी तथा 8 निजी मेडिकल दुकानों के मालिकों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया। ओएनजीसी, जोरहाट के तत्कालीन डीजीएम (एमएस) और संविदाधीन चिकित्सा अधिकारी (व्यावसायिक स्वास्थ्य) तथा 8 निजी मेडिकल दुकानों के मालिकों सहित 10 आरोपियों के खिलाफ विस्तृत जांच और साक्ष्य इकट्ठा करने के बाद सीबीआई ने भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। इन आरोपियों पर आरोप है कि आरोपी लोक सेवकों ने 2019 से 2022 के दौरान निजी एम्पनेल्ड मेडिकल दुकानों के मालिकों और अज्ञात व्यक्तियों के साथ आपराधिक साजिश की। यह भी आरोप लगाया गया कि 8 एम्पनेल्ड मेडिकल दुकानों के मालिकों ने ओएनजीसी के लाभार्थियों और उनके आश्रितों की जानकारी के बिना दवाइयां जारी करने के लिए फर्जी मांग पर्चियों के आधार पर 45 लाख रुपये के झूठे और फर्जी बिल का दावा किया।

उपरोक्त सभी आरोपी व्यक्तियों के विभिन्न आवासीय परिसरों में तलाशी ली गई, जिसमें कुछ अपराध सिद्ध करने वाले दस्तावेज बरामद हुए। इसके साथ ही अधिकारी ने बतााया कि मामले की जांच जारी है।

### एफआईआर में आरोपियों के नाम

- डॉ. बिजॉय कुमार शॉ, तत्कालीन डीजीएम (एमएस), ओएनजीसी, जोरहाट,
- डॉ. ईशित्व तामुली, संविदाधीन चिकित्सा अधिकारी (व्यावसायिक स्वास्थ्य), ओएनजीसी, जोरहाट
- भंवरी लाल लखोटिया, प्रोप., मेसर्स लखोटिया मेडिकल हॉल, जोरहाट,
- सतादल घोष, प्रोप. मेसर्स नॉर्थ ईस्ट मेडिकल, जोरहाट;
- खिरुद सैकिया, प्रोप. मेसर्स जय शंकर मेडिकल, जोरहाट;
- मिनाक्षी बरुआ, प्रोप. मेसर्स मिनाक्षी ड्रग्स, जोरहाट;
- शंकर गोस्वामी, प्रो. मेसर्स न्यू संजीवनी मेडिकल, जोरहाट;
- रितु बारपात्रा गोहेन, प्रोप. मेसर्स निशिता मेडिकल, जोरहाट;
- मासूमा रहमान गोनी, प्रोप. मेसर्स तिनी अली मेडिकल हॉल, जोरहाट
- पूर्णिमा बोरदोलोई, प्रोप. मेसर्स दीपाली मेडिकल, जोरहाट।

---

### नाबालिग की गुहार पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

फिलहाल दोस्त के साथ फरार

# माय लॉर्ड मेरी शादी खत्म कीजिए... ससुर ने उसको कैद करके रखा था

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में एक नाबालिग लड़की ने अपनी शादी को रद्द करने की मांग की है। याचिका में 16 साल की लड़की ने पति पर विवाह के लिए दबाव डालने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ भी निर्देश देने की मांग की है। याचिका में आरोप लगाया गया कि उसकी इच्छा के विरुद्ध 9 दिसंबर 2024 को शादी कर दी गई, जब उस समय वह साढ़े सोलह वर्ष की थी। लड़की ने दावा किया कि उसके ससुर ने उसे कैद में रखा हुआ था



### परिवार ने जबरन कराया था बाल विवाह

लड़की की इच्छा शिक्षा जारी रखने की थी, पर इसका बाल विवाह करा दिया गया और इस विवाह को बनाए रखने का विरोध करने की वजह से उसकी जान को खतरा है। नाबालिग ने दावा किया कि वह फिलहाल अपने एक दोस्त के साथ फरार है और उसे डर है कि अगर वे बिहार लौटेंगे तो उन्हें मार दिया जाएगा।


**नाबालिग की सुरक्षा सुनिश्चित करे बिहार और दिल्ली पुलिस**

शीर्ष कोर्ट ने बिहार के पुलिस महानिदेशक और दिल्ली पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वे अपनी शादी को रद्द करने की मांग कर रही नाबालिग लड़की को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करें। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि लड़की और उसके दोस्त को अपनी जान को खतरा है। अधिकारी उनसे संपर्क करके आवश्यक सहायता प्रदान करें।

---

# लखनऊ में चोरों ने पहले मैगी खाई, एसी में आराम किया फिर की चोरी, पुलिस भी हैरान

**लखनऊ।** चोर जब चोरी करने के लिए किसी घर में कहीं भी जाता है तो उसके मन हमेशा पकड़े जाने का बना रहता है। लेकिन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से चोरी का एक अनोखा मामला सामने आया है। इन चोरों को किसी का डर नहीं था। शहर के इंदिरा नगर में एक रिटायर्ड बैंककर्मी के घर में चोरों की एक टोली घुस गई और आराम से नूडल्स पकाए। थोड़ी देर आराम करने के लिए उन्होंने एसी चालू कर दिया। इसके बाद वे कीमती सामान लेकर फरार हो गए। यह सब तब हुआ जब घर का मालिक दिल्ली गया हुआ था। घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें मैगी की प्लेटें नजर आ रही हैं। यह अजीबोगरीब चोरी की घटना लखनऊ के इंदिरानगर इलाके के सी-ब्लॉक में रहने वाले भूपाल सिंह के घर पर हुई। वे 8 जून को इलाज के लिए अपने परिवार के साथ दिल्ली गए थे। उनके दोनों बेटे भारतीय सेना में हैं। गाजीपुर (इंदिरानगर) एसएचओ विकास राय ने बताया कि गाजीपुर पुलिस को चोरी की जानकारी है। औपचारिक शिकायत दर्ज होने के बाद हम कानूनी कार्रवाई शुरू करेंगे।





**चोरी का वीडियो हुआ वायरल**

चोरी की घटना के बाद से लूटे गए घर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें पके हुए नूडल्स की एक प्लेटें और पैकेट बिखरे पड़े दिखाई दे रहे हैं। सबूतों से पता चलता है कि परिसर में लूटपाट करने से पहले चोरों ने ‘मैगी पार्टी’ का लुत्फ उठाया।

**पड़ोसी ने दी जानकारी**

चोरी की घटना का पता तब चला जब पड़ोसी दीपा बिष्ट ने इसकी जानकारी दी। दीपा उनके घर की देखभाल करती थी। वह पौधों को पानी देती थी। सोमवार शाम को जब दीपा घर में पानी देने गई तो लाइट जल रही थी और ताला टूटा हुआ था। अंदर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। उसने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। यह देख पड़ोसी एकत्र हो गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि सभी लॉकर टूटे हुए थे। इसके बाद परिवार से संपर्क किया गया। परिवार का कहना है कि वह सारे जेवर अपने साथ ले गए हैं। कुछ नकदी रखी थी, जिसे चोर अपने साथ ले गए। फिलहाल पुलिस पीड़ित का इंतजार कर रही है। घर के अंदर कोई सीसीटीवी नहीं था।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

### पिछले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत रही थी

# भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 6.2 फीसदी से अधिक रहने का अनुमानः इक्रा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही थी।

एजेंसी ने अपने ताजा परिदृश्य में कहा कि इसी अवधि के दौरान देश की वास्तविक सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत से अधिक होगी।

जहां जीडीपी देश के भीतर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है, वहीं जीवीए उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य में से मध्यवर्ती वस्तुओं और सेवाओं की लागत को घटाने पर प्राप्त होता है।

- सकल मूल्य वर्धित वृद्धि दर 6.4 फीसदी से अधिक होगी
- महंगाई दर के 3.5 फीसदी से अधिक रहने का अनुमान
- थोक मूल्य सूचकांक चालू वित्त वर्ष में 1.8 फीसदी रहेगा

### महंगाई नियंत्रण में रहेगी

रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति के संबंध में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर के 3.5 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान है, जबकि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) चालू वित्त वर्ष में 1.8 प्रतिशत से अधिक रहेगा।




### निर्यात में सुस्ती जारी रहेगी

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट में आयकर में बड़ी राहत, नीतिगत दर में कटौती से ईएमआई (मासिक किस्त) में कमी और खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी से घरेलू खर्च योग्य आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत के वस्तु निर्यात में सुस्ती निकट भविष्य में भी जारी रह सकती है।

### राजकोषीय घाटा 4.4 फीसदी रहने का अनुमान

इक्रा ने 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि इसी अवधि के दौरान चालू खाता घाटा 1.2 प्रतिशत से 1.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एजेंसी के अनुसार, रबी फसल बेहतर होने और सामान्य से अधिक जलाशय स्तर के कारण ग्रामीण मांग में तेजी बनी रहने की संभावना है।

## चिप विनिर्माण के लिए भारत प्रमुख गंतव्य बनाः मूडीज




पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया की विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश के लिए प्रमुख लक्ष्य हैं। मूडीज एनालिटिक्स ने बुधवार को कहा कि इनमें भारत, सिंगापुर और मलेशिया तेजी से खुद को डेटा सेंटर परियोजनाओं या चिप विनिर्माण के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

### सीमापार निवेश धीमा हो रहा

मूडीज एनालिटिक्स ने अपनी रिपोर्ट 'एआई इज बीटिंग द ऑड्स' में कहा कि ऐसे समय में जब सीमापार निवेश धीमा हो रहा है और वैश्विक व्यापार टूट रहा है, तब एआई पर खर्च वर्तमान के विपरीत हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, भले ही व्यापार और भू-राजनीतिक तनाव अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहे हों, लेकिन एआई की बढ़ती मांग, आपूर्ति से कहीं ज़्यादा है। इस अंतर को पाटने के लिए वैश्विक निवेशक डेटा सेंटर और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं में पूंजी लगा रहे हैं।

### अमेरिका में आउटबाउंड अधिक

रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में आउटबाउंड (घरेलू कंपनी द्वारा विदेश में) एआई निवेश की हिस्सेदारी इसकी इनबाउंड (विदेशी कंपनी द्वारा घरेलू बाजार में) हिस्सेदारी से अधिक है। यह बताता है कि अमेरिकी प्रौद्योगिकी दिग्गज अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार कर रही हैं।

### भारत, सिंगापुर व मलेशिया खुद को स्थापित कर रहें

मूडीज एनालिटिक्स ने कहा, "पूर्वी और दक्षिण-पूर्व एशिया में विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं प्रमुख गंतव्य हैं। विशेष रूप से, भारत, सिंगापुर और मलेशिया तेजी से डेटा सेंटर परियोजनाओं या चिप विनिर्माण के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में खुद को स्थापित कर रहे हैं। ये बाजार लागत लाभ, बढ़ती मांग और प्रौद्योगिकी निवेश के लिए सहायक नीतियां प्रदान करते हैं।"

# आगरा में भीषण सड़क हादसा, आम ले जा रही पिकअप डिवाइडर से टकराई, 4 की मौत

**आगरा।** ताजनगरी आगरा से एक दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां शाहदरा चुंगी फ्लाईओवर पर लखनऊ से आम भरकर ला रही पिकअप डिवाइडर से टकरा गई। इससे चार लोगों की मौत हो गई, वहीं एक व्यक्ति गंभीर और कुछ लोग आंशिक रूप से घायल हो गए। मौके पर पुलिस पहुंच गई है। जानकारी के मुताबिक, एक आम से भरा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया, जिससे सड़क किनारे मॉर्निंग वॉक के दौरान आराम कर रहे तीन लोग इसकी चपेट में आ गए। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पिकअप चालक की भी जान चली गई, जबकि क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है।

**लखनऊ से आ रही थी पिकअप**

आगरा के एसीपी हेमंत कुमार मामले पर जानकारी देते हुए कहा कि, यहां एक दर्दनाक



सड़क हादसा हुआ है। आम से भरी एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गई। हादसे के वक्त वहां तीन लोग मॉर्निंग वॉक के बाद आराम कर रहे थे, जिन पर यह वैन आ गिरी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। वैन में ड्राइवर और एक हेल्पर सवार थे। ड्राइवर की भी हादसे में मौत हो गई है, जबकि हेल्पर की हालत गंभीर है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दुर्घटना में अब तक कुल चार लोगों की मौत की पुष्टि हुई है।

**हाइवे पर लंबा जाम**

हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। ट्रैफिक पूरी तरह से ठप हो गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्रेन की मदद से पिकअप को हटाया, तब जाकर सड़क पर आवाजाही बहाल हो सकी। वैन में लदे आम भी हादसे के बाद सड़क पर बिखर गए थे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आमों को हटवाकर रास्ता साफ करवाया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# सूखी खांसी के घरेलू इलाज



मौसम में बदलाव होने की वजह से सर्दी खांसी जैसी बीमारियां हमे जकड़ लेती हैं ऐसे में गले में चुभन, सूखापन, आंखों और छाती में दर्द होने जैसे लक्षण सामने आते हैं। सूखी खांसी तब होती है जब बलगम छाती और गलें में सूख जाता है। इसके लिए कई लोग अंग्रेजी दवा का सहारा लेते हैं, अगर आप इसके बजाए कुछ घरेलू उपचार पर ध्यान देंगे तो यह इलाज आपके लिए काफी असरदार हो सकता है।

**1. शहद**
शहद में ऐसे एंजाइम होते हैं जो खांसी से राहत दिलाने में काफी मददगार साबित होते है, इसलिए दिन में तीन-चार बार एक चम्मच शहद का सेवन जरूर करें।

**2. गर्म पानी**
नमक मिले गर्म पानी से गरारा करने पर गले का दर्द और खांसी दूर हो जाती है। ऐसा करने से काफी आरामदायक महसूस होता है।

**3. काली मिर्च**
काली चाय के साथ काली मिर्च के दाने को मुंह में चबाने से या फिर पीस कर घी में भूनकर खाने से गले को काफी हद तक आराम मिलता है।

**4. हल्दी**
एक छोटा चम्मच हल्दी और एक छोटा चम्मच पिसी हुई काली मिर्च को पिस कर आधे कप पानी में उबालें और फिर इसे धीरे-धीरे करके चाय की तरह पिएं।

**5. लहसुन**
लहसुन भी गले की खांसी को तुरंत ठीक करने में काफी मददगार साबित होता है। दो-तीन लहसुन की कलियों को एक कप पानी में उबाल लें। जब पानी हल्का ठंडा हो जाए तब इमसें शहद को मिलाकर पिए।

**6. प्याज**
आधे चम्मच प्याज के रस में एक छोटा चम्मच शहद मिलाएं और इसे दिन में दो-तीन बार चाटे।

## पेट दर्द के साथ वजन कम करने में भी मददगार अजवाइन

**रसोई में बहुत से मसालों का इस्तेमाल किया जाता है। उन्हीं में से एक है अजवाइन। अजवाइन में पाए जाने वाले गुणों के कारण पेट से जुड़ी परेशानियां जैसे बदहजमी, गैस और पेट में दर्द से आराम मिलता है लेकिन आप शायद यह नहीं जानते होंगे कि अजवाइन मोटापा कम करने में भी मददगार है। मोटापा दूर करने के लिए लोग ढेरों तरह के उपाय अपनाते हैं और वर्कआऊट भी करते हैं। इन मंहगे नुस्खों से भी अगर कोई फर्क नहीं दिखाई दे रहा तो आप सस्ता और अचूक उपाय अपना कर शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम कर सकते हैं वो भी एक चम्मच अजवाइन के सेवन से। आइए जाने इसके गुणों के बारे में और किस तरह सेवन करने से घटाया जा सकता है मोटापा।**

**- अपच से राहत**
1 चम्मच अजवाइन को चुटकी भर अदरक के पाऊडर के साथ खाने से अपच से राहत पाई जा सकती है। इससे पेट में एसिड़ नहीं बनता और खाना आसानी से पच जाता है। अजवाइन को छाछ के साथ पीने से भी अपच से राहत मिलती है।

**- दस्त**
दस्त से छुटकारा पाने के लिए अजवाइन कुदरती और असरदार उपाय है। दस्त लगने पर 1 गिलास पानी में 1 चम्मच अजवाइन डाल कर उबाल लें। इसे छानकर ठंडा होने दें और दिन में 2 बार पीने से आराम मिलेगा।

**- कब्ज**
अजवाइन सिर्फ दस्त लगने पर ही नहीं,कब्ज में भी असरदार है। सुबह पेट साफ नहीं हो रहा तो रोजाना 1 चम्मच अजवाइन को गुनगुने पानी के साथ लेने से कब्ज की परेशानी दूर हो जाती है।

**- मुंह की बदबू**
मुंह की बदबू से दूसरों के सामने शर्मिंदा होना पड़ रहा है तो आप अजवाइन के पाऊडर को पानी में मिलाकर कुल्ला करें। इससे कीटाणु भी मर जाएंगे और मुंह की बदबू से भी राहत मिलेगी।

**- पेट दर्द**
खान-पान में लापरवाही के कारण पेट में दर्द है तो अजवाइन को नमक के साथ मिलाकर गुनगुने पानी के साथ खाएं। इससे पेट दर्द ठीक हो जाता है।



**- गठिया**
जोड़ों के दर्द के लिए अजवाइन का तेल बहुत असरदार है। सर्दियों में अजवाइन के तेल से रोजाना मालिश करने से दर्द से राहत मिलती है।

**- मोटापा घटाएं**
मोटापा कम करने के लिए अजवाइन सस्ता और असरदार उपाय है। रात को 1 गिलास पानी में 1 चम्मच अजवाइन डालकर रख दें। सुबह इसे छान कर शहद मिलाकर रोजाना पीने से मोटापा कम होने लगता है। इसके साथ व्यायाम और पौष्टिक भोजन करना भी बहुत जरूरी है।

## बच्चा निगल जाए सिक्का या पेन तो इन टिप्स का करें इस्तेमाल!

छोटे बच्चों को चीजों की समझ नहीं होती है। वह किसी भी चीज को देखकर उसको मुंह में डालने लगते है। कई बार बच्चे चीजों को मुंह में डालकर निगल भी जाते है। अगर वह वस्तु बच्चे की फूड पाइप में फंस जाएं तो यह काफी खतरनाक होता है। अगर बच्चा कभी अचानक से कोई वस्तु या सिक्का निगल जाता है तो माता-पिता को धैर्य से काम लेना चाहिए और आराम से सोचे की ऐसा क्या करें कि निगली वस्तु बाहर आ जाए। आज हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स बताएंगे, जिनको आप इस्तेमाल करके बच्चे मुंह से सिक्का या अन्य वस्तु को बाहर निकाल सकते हैं।



- बच्चे को आगे की ओर झुकाएं और फिर उसकी पीठ पर 5 बार ठोंके। 5 बार सीने पर दो उंगुलियों से हल्का दबाव डालें। इस प्रक्रिया को 2-3 बार दोहराए। इससे कफ बनेगा और निगली वस्तु बाहर आ जाएगी।
- मुंह में कुछ फंस जाए तो बच्चे के पेट के ऊपरी भाग को दोनों हाथों से कसकर पकड़ें। उसको झटका देकर ऊपर की ओर उठाए।
- तेज खांसी होना गले में कुछ फंसे होने का संकेत देता है। ऐसे में खांसते रहे जब तक कफ न बन जाएं। ऐसे निगली वस्तु बाहर आ जाएगी।
- बच्चा नीला पड़ जाए और उसे सांस लेने में परेशानी हो रही है तो सांस नली में कुछ फसा है। ऐसे में तुरंत डॉक्टर के पास जाएं।




ठंड के मौसम में ज्यादातर लोग रंग-बिरंगी सब्जियों के साथ हरी मटर को काफी पसंद करते हैं। सब्जी,पुलाव,पराठे, या फिर पोहा हो ठंड के दिनों में बिना मटर के ये सब अधूरा ही लगता है। क्या आप जानते है मटर का सेवन करने से आपको कितने फायदे मिल सकते हैं। एक तो यह खाने में बहुत स्वाद लगते है दूसरा यह सेहत और सौंदर्य का अनोखा मिश्रण है। चलिए आज हम बताते है कि मटर खाने से क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।

**मोटापा घटाएं**
मटर का सेवन करने से यह कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करता है और आपको मोटापे के साथ-साथ और भी कई बीमारियों से बचाता है।

**कैंसर**
इसका सेवन करने से कैंसर जैसी बीमारियों से भी आपको छुटकारा मिलता है। खासतौर पेट के कैंसर में मटर बहुत मददगार साबित होता है।

**चेहरे की समस्या**
अगर आप अपने चेहरे की झुर्रियों से परेशान हैं, तो ऐसे मे आप मटर के पेस्ट को चेहरे पर लगाकर आधे घंटे बाद धो लें।

**याददाश्त**
याददाश्त बढ़ाने के लिए भी मटर काफी हद तक लाभकारी है। यह आपकी स्मरण शक्ति को बढ़ाने में मदद करता है।

**दिल की समस्या**
मटर का सेवन करने से रक्त में कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है जिससे कि दिल की बीमारी का खतरा कम होता है ।



दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# जब आमिर खान को आया अमिताभ बच्चन का फोन

**बॉलीवुड** के दो दिग्गज सितारे अमिताभ बच्चन और आमिर खान जब एक-दूसरे के सामने आते हैं, तो नजारा खास होता है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि खुद मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान भी बिग बी के सामने एक फैन की तरह बर्ताव कर चुके हैं। आमिर ने एक बार खुद यह किस्सा बताया था कि कैसे अमिताभ बच्चन की आवाज सुनकर वह एकदम चौंक गए थे और उनकी बोलती बंद हो गई थी। ये किस्सा उस समय का है जब आमिर खान फिल्म जो जीता वही सिकंदर की शूटिंग कर रहे थे। उस दौर में मोबाइल फोन का चलन नहीं था और होटल के रिसेप्शन से ही कॉल्स आते-जाते थे। आमिर ने बताया कि शूटिंग से लौटने के बाद रिसेप्शन ने उन्हें सूचना दी कि अमिताभ बच्चन का कॉल आया था। आमिर को पहले तो लगा कि कोई मजाक कर रहा है। उन्होंने बात को हल्के में लिया। लेकिन तभी दोबारा फोन आया और रिसेप्शन से बताया गया कि अमिताभ बच्चन खुद लाइन पर हैं। आमिर ने जैसे ही फोन उठाया, उधर से बिग बी की आवाज आई कि हैलो आमिर। उस पल आमिर खान बैठे हुए थे लेकिन जैसे ही उन्होंने बिग बी की आवाज सुनी, वो तुरंत खड़े हो गए। आमिर ने कहा कि मेरे मुंह से शब्द नहीं निकल रहे थे। उन्होंने कुछ बातें कहीं, और मैं बस यस सर ही कहता रहा।

# श्वेता तिवारी को लेकर बेटी ने किया खुलासा

**श्वेता तिवारी** टीवी एक्ट्रेस हैं और भोजपुरी फिल्मों में भी वह काम कर चुकी हैं। 44 साल की उम्र में भी फैंस उनकी खूबसूरती के कायल हैं। बेटी पलक तिवारी के साथ श्वेता तिवारी जब नजर आती हैं तो यही कहा जाता है कि दोनों मां-बेटी नहीं, बल्कि बहने दिखाई देती हैं। पलक तिवारी ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि उन्होंने अपनी मां का काम बहुत ज्यादा नहीं देखा है, लेकिन जब वह उनके काम को देखते हैं तो स्ट्रेस फील करने लगती है। पालक तिवारी के मुताबिक उन्हें लगता है कि उनकी मां बहुत अच्छी एक्टिंग करती हैं, उनके आगे पालक कुछ भी नहीं हैं। पालक को लगता है यह सब कुछ सीखने में उन्हें लंबा वक्त लग जाएगा, यही सोच कर वह परेशान हो जाती हैं और सदमे में चली जाती हैं। पलक ने बताया की मां की एक्टिंग परफॉर्मेंस देखने के बाद उनकी एंजायटी ट्रिगर हो जाती है, उन्होंने कहा कि जब मैं अपनी मां का काम देखती हूं तो मैं क्राइसिस में चली जाती हूं, मुझे महसूस होता है कि वह कितना अच्छा काम कर रही हैं, मुझे उनकी तरह काम करने में कितने साल लगेंगे? यही सोच सोच कर मैं परेशान होने लगती हूं। पलक तिवारी हाल ही में संजय दत्त की फिल्म द भूतनी में नजर आई थी। पलक तिवारी बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। पलक तिवारी का नाम सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान के साथ भी जोड़ा जाता है, हालांकि दोनों ने अपने रिश्ते को अब तक कंफर्म नहीं किया है। बातचीत के दौरान पलक तिवारी ने यह भी बताया कि वह अपनी मां की फिटनेस को लेकर भी हैरान रहती हैं, क्योंकि मां कभी जिम नहीं जाती और वह अपने बॉडी को केयर करने के लिए कुछ भी एक्सट्रा एक्टिविटी नहीं करती हैं।



